कार्यालय प्रधानाचार्य शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय
आमखो, लश्कर, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) 474 009
Website www.gacgwalior.edu.in
E-Mail:- gacgwalior@gmail.com
principalgacgwa@mp.gov.in
Office 0751- 2372802
Hospital 0751- 2438603

क्रमांक / विविध / 2025 / 6608-09

ग्वालियर, दिनांकः 24/09/2025

## छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण यात्रा हेतु दरें आमंत्रित किये जाने हेतु आवश्यक सूचना

उपरोक्त विषय में लेख है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत् बी.ए.एम.एस. द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण हेतु टूर ले जाना प्रस्तावित है। **भ्रमण कार्यक्रम हेतु यात्रा विवरण पत्र के संलग्न प्रस्तुत है।**

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु (यात्रा विवरण अनुसार) टूर ले जाने की इच्छुक फर्मे / संस्थाऐं अपनी दरें (रेट्स) सील बंद लिफाफे में **दिनांक 29.09.2025** तक महाविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। **नियम शर्तें निम्नानुसार रहेगीं:–**

1. दर लिफाफे के ऊपर **"शैक्षणिक भ्रमण यात्रा कार्यक्रम 2025"** लिखना अनिवार्य है। निर्धारित **दिनांक 29.09.2025** उपरांत प्राप्त लिफाफों पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. शैक्षणिक भ्रमण की यात्रा बस द्वारा की जावेगी, बस में संलग्न यात्रा कार्यक्रम यात्रा के अनुसार छात्र–छात्राओं के लिए उचित बैठक व्यवस्था होना चाहिए। यात्रा हेतु बस का परमिट, फिटनेस, ड्राइवर का निर्धारित लाइसेंस, बस में ड्राइवर के अलावा स्टाफ का कुशल होना अनिवार्य है, जिस यात्रा मार्ग में बस द्वारा यात्रा की जावेगी उस यात्रा मार्ग का परमिट होना अनिवार्य है।
3. शैक्षणिक भ्रमण हेतु यात्रा के उपयोग हेतु बस का वातानुकूलित होना आवश्यक है। यात्रा मार्ग में टोल टैक्स, पार्किंग, रास्ते में गाड़ी की खराबी इत्यादि का भुगतान संबंधित फर्म ही करना होगा।
4. शैक्षणिक यात्रा हेतु रात्रि विश्राम आदि में होटल, भोजन, नास्ता आदि की व्यवस्था संबंधित फर्म द्वारा की जावेगी। यात्रा में प्रतिदिन ताजा स्वास्थ्यप्रद नास्ता एवं भोजन प्रदाय करना होगा।
5. शैक्षणिक यात्रा में मार्गदर्शक के अतिरिक्त महाविद्यालय का स्टॉफ भी विद्यार्थीयों की सुरक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु रहेगा।
6. छात्र–छात्राओं की संख्या 62 है इसके अनुसार शैक्षणित भ्रमण हेतु व्यवस्था करनी होगी। यात्रा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वालियर से प्रारम्भ होगी तथा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वालियर में वापस आकर समाप्त होगी।
7. शैक्षणिक यात्रा में प्रयुक्त होने वाली बस, ड्राइवर, सहयोगी स्टॉफ का विवरण यात्रा के पूर्व महाविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा, जिससे प्रयुक्त बस का परमिट, फिटनेस प्रमाण–पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, प्रदूषण प्रमाण–पत्र, ड्राइवर लाईसेन्स, आधार कार्ड व उचित दस्तावेज आदि शामिल हैं।
8. शैक्षणिक यात्रा महाविद्यालय के डॉ. के.एल. शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष द्रव्यगुण विभाग के निर्देश में आयोजित की जावेगी। अतः उनसे सम्पर्क **(मोबाईल नम्बर– 9893734364)** कर आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।
9. शैक्षणिक भ्रमण यात्रा हेतु फर्म के लेटर हेड पर दर प्रस्तुत करना होगा। दर स्पष्ट होना चाहिए व कांट–छांट नहीं होना चाहिए। दर में जी.एस.टी. आदि का उल्लेख स्पष्ट करना होगा।
10. फर्म / संस्था द्वारा दर लिफाफे में वैद्य जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र की छायाप्रति स्व प्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है।
11. उपरोक्त शैक्षणिक भ्रमण यात्रा कार्यक्रम हेतु दरें आमंत्रित की जाने की आवश्यक सूचना महाविद्यालय की बेवसाईट **gacgwalior.edu.in** पर प्रदर्शित कर दी गई हैं।
12. अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अन्तिम एवं बन्धनकारी होगा।

**(डॉ. महेश कुमार शर्मा)**
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय
एवं चिकित्सालय ग्वालियर (म.प्र.)



Scanned with OKEN Scanner

## छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण हेतु यात्रा विवरण (कार्यक्रम)

1. दिनांक 13 अक्टूबर सोमवार को सांयकाल 7 बजे बस द्वारा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वालियर से बस प्रस्थान करेगी।
2. दिनांक 14 अक्टूबर मंगलवार उदयपुर (राजस्थान) में होटल/आवास व्यवस्था अनुसार पहुंचकर स्वल्पाहार उपरान्त राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर (राजस्थान) के हर्बल गार्डन का परिदर्शन करेंगें। मध्यान बाद विभिन्न औषधीय महत्व के उद्यानों का परिभ्रमण करके होटल/आवास व्यवस्था में रात्रि विश्राम करेंगें।
3. दिनांक 15 अक्टूबर बुधवार को उदयपुर (राजस्थान) के अरावली वन क्षेत्रों में पायी जाने वाली वनौषधीयों का परिदर्शन करेंगें। रात्रि में ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगें।
4. दिनांक 16 अक्टूकर गुरूवार बस से यात्रा करते हुए मार्ग के विभिन्न वनों का परिदर्शन करते हुए शांयकाल तक ग्वालियर नगर में आगमन यात्रा का समापन करेंगें।

**(डॉ. महेश कुमार शर्मा)**
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय
एवं चिकित्सालय ग्वालियर (म.प्र.)



Scanned with OKEN Scanner